CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 323 ▫ रायपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर संसद में हुई वोटिंग

# पक्ष में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े, अब 'मिनी संसद' में होगी चर्चा

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल पर वोटिंग हुई। नई संसद में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से वोटिंग हुई। 269 वोट बिल को पेश करने के पक्ष में पड़े। जबकि 198 वोट इसके खिलाफ पड़े हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोटिंग के बाद स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बटन अगर गलत दब गया है तो वो पर्ची के जरिए वोट दोबारा कर सकते हैं। लोकसभा के सेक्रेटरी जनरल ने इसके बाद सदस्यों को पूरी प्रक्रिया बताई। आपको बता दें कि बिल को पास कराने या खारिज करने के लिए नहीं बल्कि बिल को रखा जाए या नहीं इसके लिए वोटिंग हुई है। 48 घंटे पहले सभी सदस्यों को बताना होता है कि बिल को कंस्डिरेशन के लिए सरकार लेकर आ रही है। संविधान संशोधन के लिए हाउस संख्या 50 त्न होना चाहिए और सदन में मौजूद सांसदों की एक तिहाई संख्या चाहिए होती है। बिल को जेपीसी में भेजा जाएगा, जिसे मिनी संसद भी कहा जाता है। जेपीसी में इस बिल पर चर्चा होगी।



लोकसभा में अमित शाह ने कहा जब वन नेशन, वन इलेक्शन बिल कैबिनेट में आया तो पीएम मोदी ने कहा कि इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। विधेयक को पेश करने की विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसमें एनसीपी (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, कांग्रेस के मनीष तिवारी, तृणमूल के कल्याण बनर्जी, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और डीएमके के टीआर बालू जैसे नेताओं ने हमले का नेतृत्व किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे को चुनौती देता है।

# पुलिया निर्माण पर गरमाया सदन, कार्रवाई की मांग करते विपक्ष ने किया वॉकआउट

**रायपुर,** 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सुकमा एवं दंतेवाड़ा के सरहदी गांवों में पुलिया निर्माण के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने सरकार को घेरा. बिना स्वीकृति के पुलिया निर्माण के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आऊट किया. विधायक कवासी लखमा ने प्रश्नकाल के दौरान सुकमा एवं दंतेवाड़ा के सरहदी गांवों में पुलिया निर्माण का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि इसमें कितनी निर्माणाधीन है और कितने निर्मित हो चुके हैं? इसमें प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान की गई? कार्य की निर्माण एजेंसी किसने बनाई? क्या दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की गई थी? हमारा नक्सल पीड़ित क्षेत्र है. हम भी चाहते हैं की विकास हो, लेकिन यह कौन सा नियम है कि पहले पुल बनेगा, फिर टेंडर होगा? ये रोड पीडब्ल्यूडी बना रहा या प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बन रही है.



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जवाब में कहा कि दो स्थान हैं. एक सुकमा और एक दंतेवाड़ा जिले में ङ्क परिया और मुलेर आते हैं. आचार संहिता प्रभावशील थी. शिकायत के बाद काम रोक दिया गया. इसमें आगे कोई निर्माण नहीं हुआ है. निविदा जब खुलेगी, तब आगे का निर्माण होगा. यह निर्माण भारत सरकार ने स्वीकृत की है. पीडब्ल्यूडी बना रहा है. दोनों जगहों के कलेक्टर से कार्य स्वीकृत है. इस पर कवासी लखमा ने कहा कि बिना स्वीकृति, बिना ऑर्डर के रोड बनाया गया है. ये पुल ज्यादा रेट से बन रहे हैं, और एक नाले में तीन पुल क्यों बनाया जा रहा है. आचार संहिता के समय जल्दी-जल्दी जिस ठेकेदार से काम कराया, जिसका विरोध गांववालों ने किया तो कार्य रुका, फिर से टेंडर उसी ठेकेदार को दिया गया है. क्या उस पर कार्यवाही करेंगे? लखमा ने पूछा कि क्या केवल कमीशन के लिए पुलिया बनाया जा रहा है? जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है. सब इंजीनियर क्या सरकार से बड़ा है? क्या दोनों अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे?

अरुण साव ने इस पर सवाल किया कि क्या सवाल दो पुल के निर्माण से संबंधित है? इस पर लखमा ने कहा कि नाले में तीन तीन पुल कैसे बन रहा हैं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मंत्री ने स्वीकार किया कि पुल बन गया टेंडर बाद में हुआ यह काफी गंभीर बात है. सीधा सवाल है कि इसमें गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे क्या? आपने दो लोगों को कार्य दिया है, तीसरे को कोई कार्य नहीं दिया गया है सारी अनियमितताएं दिखाई दे रहे है कार्यवाही क्या करेंगे इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है? पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोक के बीच गड़बड़ी करने वालों पर कार्यवाही करने विपक्ष सदन के भीतर नारेबाजी करने लगा. इसके साथ ही विपक्ष ने सदन के भीतर नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आऊट किया.

### दूसरे दिन भी उठा जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा उठा. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि अनितमितता की शिकायत पर ठेकेदारों का टेंडर क्यों निरस्त नहीं किया गया. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि जल जीवन मिशन में अनियमितता करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, उसमें क्या शिकायतें थी. कब-कब शिकायतें प्राप्त हुई हैं. जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर कार्रवाई तो हुई, लेकिन शिकायत सही पाए जाने के बाद भी उनका टेंडर निरस्त क्यों किया गया? मंत्री अरुण साव ने जवाब में कहा कि जो-जो शिकायतें मिली उस पर कार्रवाई हुई है. ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट भी किया गया है. 700 से ज्यादा शिकायते मिली थी. इस पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि फर्जी अनुभव की शिकायत पर 100 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी की क्या ईडी से जांच कराएंगे? इस पर मंत्री साव ने कहा कि जांच हो रही है, उसके आधार पर कार्रवाई होगी. जरूरत हुई तो एफआईआर भी करेंगें, कठोर कार्रवाई होगी.

## ब्रेकिंग न्यूज

### फरवरी में भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भाजपा के नये अध्यक्ष का नाम सामने आने में अभी कुछ और समय लग सकता है। हम आपको बता दें कि पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्थान लेने वाले पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव फरवरी के अंत तक होने की संभावना है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया है कि जारी संगठनात्मक चुनाव के तहत पार्टी की आधे से अधिक राज्य इकाइयों में मतदान प्रक्रिया जनवरी के मध्य तक पूरी होने की संभावना है। इस प्रक्रिया के बाद नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। हम आपको बता दें कि भाजपा की राज्य इकाइयों के लगभग 60 प्रतिशत अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनके स्थान पर अगले महीने के मध्य तक नए अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है। भाजपा के संविधान में यह प्रावधान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कम से कम आधी राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाने चाहिए। इस बारे में भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा, "हमें उम्मीद है कि नया भाजपा अध्यक्ष फरवरी के अंत तक कार्यभार संभाल लेगा।"

### पटेल-नेहरू से लेकर अनुच्छेद 370 तक, जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कांग्रेस को खूब सुनाया

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा के बाद 16 दिसबंर से राज्यसभा में संविधान पर बहस शुरू हुई। शीतकालीन सत्र समाप्त होने में केवल 4 दिन बचे हैं, सरकार लोकसभा में एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक पेश करने के लिए तैयार है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा दूसरे दिन बहस को जारी रखा। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल को देश को एकजुट करने का काम सौंपा गया था और मुझे बहुत खुशी हुई कि लंबे समय के बाद मैंने कांग्रेस की ओर से भी सरदार पटेल का नाम सुना। बहुत दिनों के बाद मैंने कांग्रेस के लोगों को महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में बोलते हुए सुना। उन्होंने 562 रियासतों को एकजुट किया और जम्मू-कश्मीर को तत्कालीन प्रधानमंत्री के लिए छोड़ दिया। जेपी नड्डा ने कहा कि जब हम संस्कृति की बात करते हैं तो कई लोगों को लगता है कि हम प्रगतिशील नहीं हैं। मैं उनका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि संविधान की मूल प्रति पर अजंता और एलोरा की गुफाओं की छाप भी थी। इस पर हमें कमल की छाप भी दिखाई देती है। कमल इस बात को दर्शाता है कि कीचड़ और दलदल से निकलकर आज़ादी की लड़ाई के बाद हम एक नई सुबह के साथ नए संविधान के साथ खड़े होने के लिए तैयार हैं।

# पूर्वी साजापहाड़ इलाके में 6 दिनों से घूम रही बाघिन का सफल रेस्क्यू

**रायपुर,** 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशन में कोरिया वनमंडल के अंतर्गत आने वाले नगर निगम चिरमिरी के रिहायशी इलाकों में बीते एक सप्ताह से विचरण कर रही बाघिन को ट्रैंकुलाइज करने के बाद सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है।



सरगुजा से वन संरक्षक (वन्यप्राणी) केआर बढ़ई की अगुवाई में बाघिन को रेस्क्यू करने कानन पेंडारी से डॉ. पीके चंदन, तमोर पिंगला एलीफेंट रेस्क्यू सेंटर से डॉ. अजीत पांडेय व जंगल सफारी रायपुर से डॉ. वर्मा पहुंचे थे। उनकी निगरानी में आज शाम 4 बजे बाघिन को रेस्क्यू कर सुरक्षित ले जाया गया। मादा बाघ को नगर निगम चिरमिरी के हल्दीबाड़ी बघनच्चा दफाई के पास जंगल में ट्रैंकुलाइज किया गया। फिर उसे ग्रीन नेट से ढंककर पिंजरे में डाला गया। इसके बाद वन विभाग के ट्रक में लोड कर ले जाया गया। इस दौरान बाघिन को देखने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वन मुख्यालय रायपुर से निर्देश मिलने पर बाघिन को किसी टाइगर रिजर्व छोड़ा जाएगा।

■ एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने बाघिन को किया ट्रैंकुलाइज

गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह से कोरिया वनमण्डल बैकुण्ठपुर के पूर्वी साजापहाड़ बीट में बाघिन के विचरण के प्रमाण मिलने के बाद से ही वन विभाग का अमला पूरी तरह से अलर्ट रहकर लगातार निगरानी बनाए हुए था। बाघिन के विचरण क्षेत्र में वनों के चारों ओर गांव बसे हुए हैं, इसको ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही थी। वन मंडलाधिकारी ने बाघिन के रेस्क्यू और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वन्यप्राणी को पत्र लिखकर ट्रैंकुलाईजेशन और परिवहन की अनुमति भी मांगी थी। वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि इस बाघिन के विचरण की पुष्टि ट्रैप कैमरा एवं प्रत्यक्ष रूप से हुई थी। इसके बाद वन विभाग का अमला सक्रिय होकर ग्रामीणों और चरवाहों को सावधानी बरतने तथा जंगल ने जाने की लगातार हिदायत दे रहा था। यह बाघिन आज नगर निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 15 एवं 6 नम्बर गोलाई (बगनचा) में एक बाड़ी में घुस गई थी। गश्ती दल बाघिन के मूव्हमेंट

# डोनाल्ड ट्रंप को झटका, सजा बरकरार



**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी मामले में बड़ा झटका लगा है। न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन मर्चेन ने सोमवार को अपने फैसले में साफ कर दिया कि राष्ट्रपति बनने के बाद भी ट्रंप को इस मामले में कोई राहत नहीं मिलेगी। न्यायालय ने उनकी मई में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा है। यह फैसला राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी कानूनी जवाबदेही का एक मजबूत संदेश देता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायाधीश मर्चेन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कार्यों के लिए दी गई प्रतिरक्षा इस मामले में लागू नहीं होती। मुकदमे में गवाही पूरी तरह से व्यक्तिगत और अनाधिकारिक आचरण से संबंधित थी, जिसमें प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं बनता। न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी यही जानकारी दी है। इस फैसले के बाद संभावना बढ़ गई है कि ट्रंप गंभीर आपराधिक आरोप के साथ व्हाइट हाउस जाने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बन सकते हैं। यह मामला 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान का है, जब ट्रंप ने एक पोर्न स्टार को चुप्पी बनाए रखने के लिए पैसे दिए और इस भुगतान को छुपाकर चुनावी संभावनाओं को प्रभावित करने की कोशिश की। न्यायालय ने 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम को देखते हुए ट्रंप की सजा पर सुनवाई 22 नवंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी थी। हालांकि, सोमवार का फैसला इस मामले में ट्रंप के लिए राहत की संभावनाओं को लगभग समाप्त करता है।

# आईईडी बम की चपेट में आने से ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में बस्तर के इंद्रावती नदी पार आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। धमाका इतना जोर का था कि ग्रामीण के पैर समेत अन्य अंगों के चिथड़े उड़ गए। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने फोर्स को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से आईईडी प्लांट किया ता, लेकिन चपेट में युवक आ गया। मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मामला बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर बसे कोशलनार-2 गांव है। सोमवार को इसी गांव का रहने वाला मनारू अकाली (35) पहाड़ की तरफ लकड़ी लेने के लिए गया हुआ था।



लौटते समय एक पेड़ के नीचे ठहरने के लिए पहुंचा था, तभी धमाका हो गया। जब जोर का धमाका हुआ। ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद धमाके की आवाज सुनकर जंगल-पहाड़ की तरफ मौजूद अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। साथ ही मौके से शव उठाकर गांव लेकर आए। यह मामला बीजापुर जिले का है, लेकिन सरहदी थाना दंतेवाड़ा जिले के बारसूर का है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने कहा कि, आईईडी ब्लास्ट की जानकारी मिली है। ये नक्सलियों की कायराना करतूत है। मामले की जांच की जा रही है।

# 45 से 55 स्पीड से चलेंगी तूफानी हवाएं, भारी बारिश के साथ 25 राज्यों के लिए आईएमडी का अलर्ट

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सर्दियों के इस मौसम में देशभर में मौसम ने अलग-अलग रूप दिखाए हैं। कहीं भारी बारिश हो रही है तो कहीं शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित किया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है, वहीं दिल्ली समेत अन्य मैदानी क्षेत्रों में प्रदूषण और कोहरे ने ठंड को और अधिक बढ़ा दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 22 दिसंबर तक मौसम में बड़े बदलाव का अलर्ट जारी किया है। आइए जानते हैं, देशभर के विभिन्न हिस्सों में अगले पांच दिनों तक मौसम कैसा रहेगा। दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में 16 दिसंबर को बने एक लो प्रेशर सिस्टम के कारण तमिलनाडु और इसके आसपास के इलाकों में 17 और 18 दिसंबर को भारी बारिश होने की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, केरल और पुडुचेरी में 17 से 20 दिसंबर के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अनुमान है। 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गिरने की भी संभावना है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में शीतलहर का असर महसूस किया जा रहा है। पश्चिमी मध्य प्रदेश और राजस्थान में गंभीर शीतलहर का अलर्ट जारी है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाया रह सकता है।

# 181 राईस मिल पंजीकृत, 150 ने किया अनुबंध 1.77 लाख क्विंटल धान का किया उठाव

**धमतरी** 17 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु हुई है। जिसके पश्चात जिले के सभी 100 केन्द्रो में धान खरीदी जारी है। लगातार धान की आवक बनी हुई है, लेकिन राईस मिलरों व शासन के मध्य विभिन्न मांगो को लेकर गतिरोध जारी रहा। जिसके चलते राईस मिलर्स कस्टम मीलिंग कार्य से दूरी बनाये हुए थे। जिसके चलते केन्द्रो से उठाव प्रभावित हो रहा था। खरीदी बंद न हो इसलिए शासन द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कर खरीदी केन्द्रों से धान को संग्रहण केन्द्रो में भेजा जा रहा है। लेकिन कल राज्य सरकार व राईस मिलरों के बीच पुन: सहमति बनी। इसका असर हुआ कि कल से ही राईस मिलर्स कस्टम मीलिंग कार्य में जुटने लगे है। जिला विपणन कार्यालय धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 181 राईस मिलर्स कस्टम मीलिंग के लिए पंजीकृत हुए है। जिनमें 150 राईस मिलरों को कस्टम मीलिंग के लिए अनुमति मिली है और सभी 150 मिलरो ने मीलिंग के लिए अनुबंध कराया है। धान उठाव में देरी को देखते हुए शीघ्रता से डीओ आदेश जारी किया जा रहा है। राईस मिलरों के लिए 6.90 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया जा चुका है। जिसके विपरीत समाचार लिखे जाने तक 1.77 लाख क्विंटल धान का उठाव मिलरो द्वारा किया जा चुका था। आज से उठाव में और तेजी आएगी। वहीं खरीदी केन्द्रो से 7.35 लाख क्विंटल धान संग्रहण केन्द्र भेजा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 9 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव खरीदी केन्द्रो से किया जा चुका है




■ राइस मिलरों ने शुरु किया कस्टम मीलिंग कार्य, उठाव में आएगी तेजी, केन्द्रों में जाम से मिलेगी राहत

■ जिले के 100 खरीदी केन्द्रो से संग्रहण केन्द्रो के लिए व मिलरों द्वारा किया जा चुका है कुल 9 लाख क्विंटल का धान का उठाव

### 66120 किसानों से खरीदा गया 668 करोड़ का 28 लाख 99498 क्विंटल धान

बता दे कि जिले में अब तक 66120 किसानों से कुल 28 लाख 99498 क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। जिसकी राशि लगभग 668 करोड़ से अधिक है। इनमें 144 करोड़ से अधिक की राशि लिंकिंग के माध्यम से कर्ज की राशि काटी गई है। वर्तमान में लगभग 19.86 लाख क्विंटल धान सोसायटियो में जाम है। लेकिन उठाव में तेजी आने से सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने की नौबत नहीं आएगी।




चूहा- सुनती हो, देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होने वाला है।

चुहिया- हां जी, 'वन नेशन वन टेंशन' के फार्मूले पर काम हो रहा है।

CMYK